बरेली, शनिवार
22 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण



# विकास ने लगाया टूर्नामेंट का पहला शतक

- राजश्री क्लब के खिलाफ 127 रन बनाने वाले ठेकेदार इलेवन के विकास बने मैन आफ द मैच
- स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ने हाइटेक हास्पिटल बरेली को आठ विकेट से दी करारी शिकस्त




एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला शतक लगाने वाले ठेकेदार इलेवन के विकास सिंह को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि●

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन के चौथे दिन शुक्रवार को ग्रुप बी में हाइटेक हास्पिटल वाराणसी को स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ने आठ विकेट और ग्रुप डी में ठेकेदार इलेवन बरेली ने राजश्री क्लब बरेली 121 रन से करारी शिकस्त दी। स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली के लिए एक विकेट लेने के साथ 35 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाने वाले माजिद हसन खान को मैन आफ द मैच चुना गया। ठेकेदार इलेवन बरेली के विकास सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया। 67 गेंदों पर नौ छक्कों और 12 चौकों की मदद से 127 रन बनाने पर उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को टूर्नामेंट का सातवां और आठवां मैच खेला गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम के कप्तान जेपी ने हाइटेक हास्पिटल वाराणसी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हाइटेक की टीम 17.5 ओवर में 121 रन पर ही ढेर हो गई। शिवम पटेल ने 45 रन और सम्राट के 40 रन को छोड़ कर अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को नहीं छू पाया। स्पोर्ट्स स्टेडियम ने दो विकेट के नुकसान पर 19.1 में 122 रन बना कर आठ विकेट से जीत दर्ज की। शिवांशु पांडेय ने 22 रन, मोहित कुमार ने 46 और माजिद हसन खान ने 36 रन बनाया।

दूसरे मैच में ठेकेदार इलेवन ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 233 रन बनाए। इसमें विकास सिंह ने धुंआधार बल्लेबाजी की और मात्र 67 गेंदों पर 127 रन बनाए। सेहरावत ने 37 रन और अजय ने भी 30 रन बनाया। पहाड़ से लक्ष्य का पीछा करने उतरे राजश्री क्लब के सभी खिलाड़ी 14.4 ओवर में 112 रन पर ढेर हो गए। विशाल सिंह और सेहरावत ने चार-चार विकेट लिया।

## टूर्नामेंट में आज

एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम हाईटेक हास्पिटल वाराणसी (ग्रुप बी) और एसजी कैंट मेरठ बनाम ठेकेदार इलेवन बरेली (ग्रुप डी) के बीच मैच होगा।